# डीबी डिजिटल मीडिया

प्रिंट मीडिया पार्टनर "प्रदेश सत्ता"

■ वर्ष-01 ■ अंक-05 ■ बालोद, रविवार 24 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये


# पोला उत्सव: बच्चों और किसानों ने सहेजी परंपरा, मिट्टी के बैल बच्चों ने दौड़ाएं तो किसानों के साथी को सजाया दूल्हे की तरह



अर्जुंदा क्षेत्र के गोड़ेला प्राइमरी और मिडिल स्कूल में मनाया गया पोला



ग्राम नेवारीकला में नदिया बैला खेलते हुए बच्चे माधवी सोनकर,हेमांशु सोनकर



मां कामधेनु गौ सेवा दल और हिंद सेना द्वारा पोला उत्सव पर बैलों की पूजा अर्चना करते हुए

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

जिले में पारंपरिक पर्व पोला उत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर जहां बच्चों ने मिट्टी के बैल दौड़ाए तो किसानों ने अपने खेती के साथी बैलों की पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की। चारों ओर पोला उत्सव की धूम रही। जहां घर पर महिलाओं ने विभिन्न तरह के व्यंजन बनाए तो वही किसानों ने अपने किसानी के साथी की पूजा अर्चना कर आभार जताया। जिले भर में विविध आयोजन के साथ पोला उत्सव संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बालोद जिला मुख्यालय में मां कामधेनु गौ सेवादल, हिंद सेना द्वारा का बैल सजाओ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। वहीं गांव में बच्चों से लेकर बड़ों ने पोला में उत्साह के साथ अपनी परंपरा को बचाने में योगदान दिया।



गुरूर में पोला मनाते हुए ऋतिक कुणाल , राहुल, अंशु,प्रखर



डौंडी ब्लॉक के बनगांव में पोला उत्सव मनाते बच्चे



हड़ताल स्थल पर एनएचएम कर्मचारियों ने बालोद बस स्टैंड में मनाया पोला

## भोथली में दिया जा रहा राज मिस्त्री कार्य हेतु 30 दिवसीय प्रशिक्षण



**डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर**

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत गुरुर के द्वारा ग्रामीणों को आत्मनिर्माण बनाने के लिए स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान R SETI के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड के ग्राम पंचायत भोथली में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत भोथली के 43 ग्रामीण और श्रमिकों ने भाग लिया। जहां उन्हें राजमिस्त्री का व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जा रहा है । ग्रामीण एवं श्रमिकों को 30 दिन तक प्रशिक्षण के तहत प्रतिभागियों को नाप जोक ईट ,चेन्नई ,फ्लोरिंग ,प्लास्टरिंग लेवनिग एवं भवन निर्माण की तकनीक के बारे में जानकारी प्रदान किया जा रहा है। जहां वे केवल श्रमिक नहीं बल्कि कुशल राजमिस्त्री के रूप में परिपक्व होकर प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य निर्माण कार्यों में अपना सफल योगदान देंगे

## एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल स्थल पर पोला मनाया, मेंहदी सजाकर की नियमितीकरण की मांग

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 16,000 से अधिक कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों (नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27% वेतनवृद्धि सहित) को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। आंदोलन के चलते पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। जिला बालोद में NHM कर्मचारियों द्वारा जिला मुख्यालय बालोद बस स्टैंड मे ही पोला त्यौहार पर हड़ताली कर्मचारियों द्वारा हड़ताल स्थल पर पोला त्यौहार मनाया गया। साथ ही महिला कर्मचारियों द्वारा हाथों में नियमितीकरण के साथ अपने सभी 10 मांगो की मेंहदी लगा कर अपनी चिरनिंद्रा में सोई सरकार को मेंहदी की महक से जगाने का प्रयास किया गया । जिला अध्यक्ष खिलेश साहू, संरक्षक दिनेश खर्कवाल, उपाध्यक्ष प्रेम यादव, जिला सचिव यजेंद्र, पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक रितेश साहू ,सभी ब्लॉक अध्यक्ष और सभी कर्मचारी उपस्थित थे। शनिवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल का छठवां दिन था। हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था तितरबितर हो चुकी है पर अभी तक सरकार के तरफ से कोई पहल नहीं की जा रही है। संघ ने हड़ताल से पहले 160 से ज्यादा सरकार को ज्ञापन दिया था। परंतु सरकार के तरफ से कोई सुनवाई नहीं हुआ, जिससे मजबूर होकर कर्मचारी हड़ताल कर रहे है। हड़ताली



महिला कर्मचारियों द्वारा कहा जा रहा है कि आज पोला त्यौहार हड़ताल स्थल में मनाए है तो कल तीज भी मनाएगी। पर मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी रहेगा। कर्मचारियों का कहना है कि जनमानस को जो असुविधा हो रही है इसके जिम्मेदार केवल और केवल सरकार ही है, जो कर्मचारियों से किसी भी प्रकार से वार्तालाप नहीं कर रही है। जो सरकार की बेरूखी जनता के प्रति प्रतीत होता महसूस हो रहा है। क्योंकि इससे पहले किसी से संघ द्वारा 20 माह में 160 से अधिक ज्ञापन सभी विधानसभा में विधायक , जिला अध्यक्ष और जितने पार्टी के सम्मानित व्यक्ति है, सभी से अनुशंसा पत्र भी प्राप्त किया फिर भी सरकार द्वारा उस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की है

## समाचार संक्षेप

### नव नियुक्त भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन का जुंगेरा मंडल ने किया स्वागत



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।** बालोद नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन को हाल ही में भाजपा के प्रदेश महामंत्री पद पर सुशोभित किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर बालोद शहर में शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। साथ ही भाजपा जिला कार्यालय जुंगेरा में उनका विशेष अभिनंदन समारोह रखा गया था। इस दौरान जुंगेरा भाजपा मंडल की ओर से अध्यक्ष अरुण साहू सहित अन्य साथियों ने उन्हें तस्वीर भेंट कर प्रदेश महामंत्री बनने की शुभकामनाएं प्रेषित की । इस दौरान जुंगेरा भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण साहू, मंडल के वरिष्ठ नेता जिला मंत्री सुरेंद्र देशमुख, उपाध्यक्ष सतानंद साहू, मंडल के मंत्री बाल सिंह साहू, शिवेंद्र देशमुख, मंडल कोषाध्यक्ष संतोष साहू, कार्यालय प्रभारी वीरेंद्र साहू, संतोष चंद्राकर और समस्त जुंगेरा भाजपा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग को युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रशांत बोकडे ने पहुंचाया अस्पताल,बचाई जान



**डीबी डिजिटल मीडिया दल्लीराजहरा ।** चिखलाकसा के रहने वाले युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रशांत वाला बोकड़े ने सड़क हादसे के दौरान घायल एक बुजुर्ग की मदद कर उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाई। कुसुमकसा के पास गुरुवार को गोकुल राम नाम का एक बुजुर्ग जो गुंडराटोला का रहने वाला है, सड़क हादसे का शिकार हो गया था घटना में उनके पैर में गंभीर चोट आई थी तो सिर भी फटा हुआ था। रास्ते से गुजरते समय प्रशांत ने गाड़ी रुकवा कर उनकी मदद की। संजीवनी 108 को सूचना देने के बाद भी समय पर न पहुंचने के कारण तत्काल इंतजार ना करते हुए घायल बुजुर्ग को उन्होंने अपने चार पहिया वाहन में लेटाकर अपने साथियों साथ चिखलाकसा सरकारी अस्पताल ले गए



# कांग्रेस का शुरू हुआ संगठन सृजन अभियान: अध्यक्ष ने कहा, यह जमीनी स्तर के हमारे कार्यकर्ताओं की आवाज को मजबूत करने का माध्यम है

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन सृजन हेतु बालोद जिला कार्यालय राजीव भवन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक रखी गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी तारिणि चन्द्राकर ,संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी उपस्थित रहे। विधायक श्रीमती सिन्हा ने कहा संगठन सृजन अभियान सिर्फ किसी पद को भरने की एक प्रक्रिया नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी की बुनियाद को मजबूत करने की सोच है। संगठन सृजन के माध्यम से ऐसे जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को नेतृत्व दिया जाएगा जो अपने आप को संगठन के लिए समर्पित रखते हैं।

वही ब्लाक के संगठन प्रभारी तारिणी चन्द्राकर ने ब्लाक अध्यक्ष चुनाव के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी ने कार्यकर्ताओं से इस संगठन सृजन अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। यह अभियान सिर्फ एक पद को भरने की प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह जमीनी स्तर के हमारे कार्यकर्ताओं की आवाज को मजबूत करने का माध्यम है। संगठन सृजन कार्यक्रम में प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम पटेल ,पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णा दुबे ,कांग्रेस प्रदेश








प्रवक्ता यज्ञदेव पटेल ,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय चन्द्राकर ,शहर अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू , विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव ,जिला महामंत्री शम्भू साहू ,मण्डल अध्यक्ष राकेश उईके, गजेंद्र ठाकुर, प्रेम लाल गवालवंशी, दिनेश साहू, महामंत्री रोहित सागर, जनपद सदस्य दुष्यंत साहू,सुश्री अमृता नेताम , मोनेश पारकर ,पूर्व जनपद शारदा सिन्हा ,सेक्टर अध्यक्ष भगवन्तीन चन्द्राकर , अगर सिंह साहू , दिनेश साहू ,वैभव साहू , गजेन्द्र भेड़िया, सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल., महिला कांग्रेस एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे

## ठेमाबुजुर्ग स्कूल में मनाया गया पोला पर्व

**डीबी डिजिटल मीडिया डौंडी**



शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला ठेमाबुजुर्ग में विद्यालय परिवार में पोला पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पोला हम क्यों मनाते हैं? छत्तीसगढ़ में पोला पर्व क्या होता है? इस पर शिक्षक गजेंद्र रावटे की ओर से विस्तार से बताया गया। कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है जहां हमारा पशुधन हमारे समाज परिवार के लिए बड़े महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से हर किसान वर्ग अपनी खेती किसानी सहजता के साथ करते है व इस पर्व में बोवाई, निंदाई, रोपाई, बियासी से निवृत होते है धान का पौधा गर्भ धारण करते है तब कृषि में उपयोग पारम्परिक यंत्र कुदाल, रापा, गैति, नागर,जुडा, टंगिया ,सब्बल आदि कृषि यंत्र का पूजा किया जाता है। सभी बच्चो में गौ धन के बारे में चर्चा कर वर्तमान स्थिति में हम गाय बैल पालना नहीं चाहते, आज आधुनिकता की ओर जा रहे है, जाना भी चाहिए हमें कृषि के क्षेत्र मे अधिक से अधिक उपज व आय क्रो बढ़ाना आवश्यक है परन्तु गौ धन नही पालने से हमारा प्राकृतिक संतुलन जिसे हम खाद्य श्रृंखला कहते है वह असंतुलित हो रही है। आने वाले समय में इसका दुष्परिणाम देखने क्रो मिलेगा जैसे आज हम जिन्हे पालतू पशु धन कहते है वह जंगली गाय बैल कहलाएंगे। जब हम किसी कार्यों से जंगल व राह में गुजरेंगे तब हम पर हमला करेंगे इससे बेहतर है कि मानव व पालतू जीवो में तालमेल बनाये रखे, अपने अपने घरों मे पालकों से कहे,इनका संरक्षण करना आवश्यक है। इस अवसर पर शिक्षक सोहन सिवाना, लक्ष्मी नारायण बंजारे, इंद्र जीत देवांगन, गजेन्द्र रावटे, खिलावन साहू ने मिल जुल कर पर्व मनाने की शुभकामनायें दी

## भाजपा नेताओं ने मधुसूदन यादव को उनके जन्मदिन पर निवास स्थान पहुंचकर दी शुभकामनाएं

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, राजनांदगांव के जन नेता पूर्व सांसद, महापौर राजनांदगांव एवं बालोद जिला भाजपा के शिष्टाचार मुलाकात में उनके साथ -जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, शहर मंडल महामंत्री नरेंद्र सोनवानी,युवा नेता उमाशंकर मंत्री आदि



प्रभारी मधुसूदन यादव को शनिवार को उनके जन्मदिवस के शुभ अवसर पर बधाई शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश 'छोटू' यादव के नेतृत्व में उनके निवास स्थान पहुंचे और उन्हें फूलों की माला, पुष्पगुच्छ व गमछा भेंट कर उनका सम्मान करते हुए जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने मधुसूदन यादव को दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर सक्रिय राजनीतिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने उनके द्वारा संगठन व समाज के प्रति किए गए योगदानों को भी स्मरण किया और उनके अनुभव से मार्गदर्शन प्राप्त करने की भावना जताई।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया तीजा पोरा महोत्सव का आयोजन

## शामिल हुए बालोद से कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी सहित अन्य विधायक

डीबी डिजिटल मीडिया

बालोद









कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तीजा-पोरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष का आयोजन सुभाष स्टेडियम में किया गया, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से बड़ी संख्या में बहनें तीजा महोत्सव में शामिल होने पहुंची थी। महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव नेट्टा डिसूजा और कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक भी तीजा महोत्सव में शामिल होने आई थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधायक गण, कांग्रेस के पदाधिकारी और नेता गण तथा कार्यकर्ता भी शामिल हुए। तीजा महोत्सव के साथ 23 अगस्त को भूपेश बघेल का जन्मदिन भी होने के कारण प्रदेश भर से कांग्रेसजन और आम लोग बधाई और शुभकामना देने पहुंचे थे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा से जुड़ा त्योहार है। इसमें सभी लोग हिस्सा लेते हैं और तीन दिन बाद तीज है, इसलिए पूरे प्रदेश से हमारी बेटियां, बहुएं, बहनें, सभी तीज मिलन कार्यक्रम में आई हैं। यह आयोजन संस्कृति, परंपरा के साथ-साथ भावनात्मक भी है। तीजा-पोरा की सभी को बधाई और शुभकामनाएं। छत्तीसगढ़ में हर त्योहार प्रकृति से जुड़ा हुआ है। पोरा हमारे गौवंश से जुड़ा हुआ है। विष्णु देव सरकार में आज गौवंश खतरे में हैं, इस सरकार में गौ तस्करी बढ़ी है। सड़कों पर मवेशी मारे जा रहे हैं, जान-माल का नुकसान हो रहा है, और इसके लिए विष्णु देव सरकार जिम्मेदार है। इस आयोजन में बालोद जिले से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी सहित बालोद विधायक संगीता सिन्हा, डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। जहां इस महोत्सव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कांग्रेस नेताओं और विधायकों ने झूला झूला तो वही उनके जन्मदिन पर लोगों ने गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं भी दी

## खैरा की पीड़ित महिलाओं के साथ विधायक पहुंचे देवरी थाना, कहा: आरोपी पर कार्रवाई करें



**डीबी डिजिटल मीडिया देवरीबंगला।** ग्राम खैरा की महिलाओं ने गांव के युवक द्वारा गाली गलौज, छेड़छाड़ एवं मारपीट से परेशान होकर पुलिस थाना देवरी में शिकायत की थी। जिससे खफा होकर युवक चेतन कुमार ठाकुर ने खैरा गांव की सावित्रीबाई पति दानेश्वर निषाद के साथ गाली गलौज कर छेड़छाड़ की। गली में हंगामा भी कर रहा था। इसी बात को लेकर दानेश्वर निषाद ने उसे मना किया लेकिन वह नहीं माना। दोनों के बीच विवाद हो गया। चेतन कुमार ठाकुर की शिकायत पर पुलिस ने दानेश्वर निषाद व अन्य साथियों पर कार्रवाई कर युवकों को जेल भेज दिया। महिलाओं ने बताया कि चेतन कुमार ठाकुर आए दिन गाली गलौज व मारपीट करता है। बिराजो बाई ने बताया कि चेतन कुमार ठाकुर ने उसके साथ भी लगभग 6 माह पूर्व लकड़ी से हमला किया था। उसके खिलाफ कई शिकायतें हैं। इसके बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। महिलाएं शिकायत लेकर विधायक कुंवर सिंह निषाद के पास पहुंची। विधायक उनके साथ थाने पहुंचकर स्थिति बताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिकायत की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करें। थाना प्रभारी राकेश ठाकुर ने विधायक व महिलाओं को बताया कि मेरी पोस्टिंग 5 दिन पूर्व ही हुई है। शिकायत की जांच करने के बाद कार्रवाई अवश्य होगी।

# लुप्त होती संस्कृति को बचाने का किया अनूठा प्रयास

डीबी डिजिटल मीडिया बालोद





बालोद जिले में पोला का त्यौहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस बीच कामधेनू गौ सेवा दल, हिन्द सेना के तत्वाधान में बालोद शहर के बुधवारी बाजार में एक आयोजन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया तो इस महापर्व में शामिल हुए किसानों और गौ पालकों को गमछा, श्री फल एवं पशु आहार से सम्मानित किया। आयोजन में लगभग 35 जोड़ी बैलों का आयोजनकर्ताओं ने उनकी पूजा कर अर्चना कर किसानों का सम्मान किया तो वहीं हिंदसेना के छत्तीसगढ़ मुख्य संयोजक तरुण नाथ योगी ने कहा कि इस आधुनिक समय पर जहां लोग आधुनिक चीज जैसे ट्रैक्टर और अन्य मशीन का उपयोग कर हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति धीरे धीरे लुप्त हो रही है मगर अभी भी हमारे जो बालोद के किसान बैल और हल को संरक्षित रखे है और इसका उपयोग खेती किसानी कर रहे।

आयोजन में शामिल हुए गौ पालकों ने कहा कि हमारे पूर्वज पहले खेती किसानी करते थे तो वह बैल और हल का उपयोग करते थे। जिससे फ़सल भी अच्छा होता था। अभी मशीनों का दौर चल रहा। इससे खेती का फ़सल भी कम होता है। मार्केट में कैमिकल दवाईयां आ रही, आधुनिकता का दौर चल रहा है। इससे कहीं न कहीं धान की फसल भी प्रभावित होती है। बालोद नगर में इस आयोजन का होना किसानों के लिए गर्व की बात है और आयोजनकर्ता का मानना है कि लुप्त होती संस्कृति को बचाना है। इस आयोजन में हिंद सेना के प्रदेश संयोजक तरुण नाथ योगी, जिला समाजसेवी राकेश उपाध्याय, अध्यक्ष दिग्विजय सिंह क्षत्रिय, युवा ब्रिगेड प्रदेश महा मंत्री राहुल उपाध्याय, शहर अध्यक्ष यूराज नेताम और गौ सेवक मौजूद रहे

# कांग्रेस का हाथ हमेशा नक्सलियों के साथ है : भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर

डीबी डिजिटल मीडिया बालोद



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाने के लिए इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए रेड्डी को वामपंथी नक्सलियों का समर्थक बताया और कहा है कि कांग्रेसनीत विपक्ष ने ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद को मदद करने के लिए सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट दिया था, अन्यथा वामपंथी नक्सलवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। श्री ठाकुर ने कहा कि विपक्ष द्वारा रेड्डी को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने से एक ओर जहाँ आदिवासी समुदाय उद्वेलित हैं, वहीं दूसरी ओर एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस का हाथ हमेशा नक्सलियों के साथ है। भाजपा प्रदेश प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का सफाया हो रहा है, उसमें डीआरजी की प्रमुख भूमिका है। डीआरजी को आगे रखकर उनके भौगोलिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए आज पूरी फोर्स लड़ाई लड़ रही है, जिससे नक्सली समाप्त होते नजर आ रहे हैं। ऐसे समय में सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बनाना आदिवासी समाज के लिए चिंता की बात है और इसके लिए कांग्रेस के लोगों को देश व प्रदेश की जनता से माफी भी मांगनी चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि सलवा जुडूम के जरिए वनांचल क्षेत्र के जनजाति वर्ग के लोग नक्सलियों के खिलाफ विद्रोह कर रहे थे, रेड्डी ने तब उन आदिवासियों के खिलाफ फैसला सुनाया था।

उस समय कई आदिवासी परिवार शहीद हो गए थे। आज कांग्रेस के रेड्डी को उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बनाने से कांग्रेस का चरित्र बेनकाब हो गया है। कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रंजीता रंजन ने नक्सलियों को सही बताया था, राज बब्बर ने नक्सलियों को क्रांतिकारी बताया था। प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने सलवा जुडूम में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले कांग्रेस के तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा का भी स्मरण किया और कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कहने पर स्व. श्री कर्मा ने क्लोज डोर मीटिंग में हिस्सा लिया और नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में अपना योगदान दिया। श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के लोग कभी भी नहीं चाहते कि आदिवासी अंचल का विकास हो, आदिवासी समुदायों के लोग रोजगार की ओर आगे बढ़ें, सुख-शांति व समृद्धि की ओर आगे बढ़ें।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में एक पेड़ मां के नाम अभियान का 30 अगस्त को होगा समापन

- पेड़ों के बिना धरती पर जीव और जीवन की कल्पना करना भी असंभव: दयालूराम पिकेश्वर
- पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना जरुरी है

डीबी डिजिटल मीडिया डौंडीलोहारा

डौण्डी लोहारा विकास खण्ड आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू हुआ है, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजन के साथ 30 अगस्त को समापन होगा। इस अवसर पर बच्चों, ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षकों द्वारा शाला परिसर में अपने घर और आसपास पौधा लगाया और सुरक्षा का संकल्प लिए हैं। बच्चें, शिक्षक हर रोज प्रार्थना सभा में पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण का संदेश देतें है। इस अवसर पर राज्यपाल पुरुस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने कहा कि एक पेड़





मां के नाम अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और माताओ के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। इसके तहत लोगों को अपनी माताओं के नाम पर पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जिससे पर्यावरण संरक्षण जागरूकता फैले और एक स्थायी स्मृति बन सके। राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर बताया कि एक पेड़ मां के नाम यह अभियान विभिन्न उद्देश्य को पूरा करता है जैसेः

***पर्यावरण संरक्षण***

पेड़ लगाने से पर्यावरण को स्वच्छ और हरा भरा रखने में मदद मिलती है,जो ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओ से निपटने में सहायक है।

***मातृशक्ति का सम्मान***

यह अभियान माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक तरीका है जो जीवन को पोषित करन और परिवार को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।





***सामुदायिक भागीदारी***

इस अभियान में समुदाय के सभी लोगों को शामिल किया जाता है,जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और लोग एक साथ मिलकर काम करते है।

***स्थायी स्मृति***

पेड़ लगाना एक स्थायी स्मृति छोड़ जाता है जो आने वाले पिढ़ियो को प्रेरित करता रहेगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान एक सुन्दर पहल है जो पर्यावरण संरक्षण और मातृशक्ति के सम्मान को एक साथ लाती है।

राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को सीड बाल बनाने के लिए विधि बताई। जिसके लिए बीज, मिट्टी, खाद और पानी की आवश्यकता होगी।

सबसे पहले बीजो को मिट्टी और खाद के मिश्रण में लपेटा जाता है। फिर पानी डालकर उन्हे गेंदो के आकार दिया जाता है। इन गेंदो को धूप में सूखाकर फिर उपयुक्त स्थान पर फेका जाता है। जहां बारिश होने पर अंकुरित हो जाता है। पेड़ पौधे के बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती जब भी कोई मौका मिले हम सबको पौधा रोपण करना चाहिए। आजादी के अमृत उत्सव के अवसर पर एक विद्यार्थी एक पेड़ अभियान, एक पेड़ एक जिदंगी, अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण संदेश दिया जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षक सुनिल कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, दीनदयाल अटल, गांधीराम बघेल, नारायण सिंह कोठारी,भूमिका मोवाड़े का सहयोग रहा

# थाने के बैरक में एएसआई ने लगाई थी फांसी कारण अब तक अज्ञात

### पत्नी ने की एसपी और कलेक्टर से न्यायिक जांच की मांग



डीबी डिजिटल मीडिया दल्लीराजहरा

विगत दिनों दल्लीराजहरा थाने के एक बैरक में एएसआई हीरामन मंडावी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। इस सनसनीखेज घटना के पीछे कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। तो वही स्थानीय पुलिस प्रशासन पर भी कुछ आरोप लगने लगे हैं। आदिवासी समाज के द्वारा भी इस संबंध में पूर्व में कलेक्टर, एसपी को शिकायत कर मामले की जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई है। तो वही अब पीड़ित परिवार से पत्नी और अन्य परिजन भी सामने आ गए हैं। जिन्होंने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन देते हुए मामले में न्यायिक जांच की मांग की है। उनकी पत्नी धनेश्वरी मंडावी निवासी बोहारडीह पाटन ने एसपी योगेश कुमार पटेल को ज्ञापन देते हुए घटना में न्यायिक जांच की मांग की है। जिसमें उन्होंने लिखा है मेरे पति के मृत्यु उपरांत पारिवारिक क्षतिपूर्ति राशि 50 लाख दिलाते हुए और न्यिक जांच कर उचित कार्रवाही की जाए और अनुकंपा नियुक्ति त्वरित की जाए। मेरे पति स्व. हिरामन मंडावी पिता छन्नू लाल मंडावी, सहायक उप निरीक्षक कमांक 286 का दिनांक 16/08/2025 को कोतवाली थाना दल्लीराजहरा, समय सुबह 07 से 08 बजे मृत्यु होने की जानकारी दिया गया। क्यों हुआ ?, कैसे हुआ ? सबकी उच्च स्तरीय न्यायायिक जांच करते हुए उचित कार्यवाही किया जाए। शासन द्वारा मृत्यु उपरांत पारिवारिक पोषण हेतु मिलने वाले समस्त सुविधाएं जैसे क्षतिपूर्ति राशि और अनुकंपा नियुक्ति त्वरित लिखित आदेश दिलवाई जाए। अन्यथा हम परिवार वालों को शासन एवं प्रशासन के विरूद्ध उग्र आंदोलन उठाना न पड़े। उपरोक्त मांगों को अल्प समय अवधि में न्यायोचित सहयोग प्रदान की जाए।

# सरस्वती शिशु मंदिर जगन्नाथपुर में हुई अभिभावक बैठक, मोबाइल का बच्चों में बढ़ती लत को लेकर किया गया चिंतन

डीबी डिजिटल मीडिया बालोद

बालोद जिले के सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगन्नाथपुर में शुक्रवार को अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सिद्धिविनायक शिक्षण समिति के पदाधिकारी सहित बच्चों के पालकों को आमंत्रित किया गया था। शाला में हो रही पढ़ाई सहित अन्य गतिविधियों को लेकर पालको से राय मांगी गई। साथ ही उनकी शिकायतें भी सुनी गई। बच्चों में किस तरह के सुधार की अपेक्षा है यह भी बात सामने आई। इसमें प्रमुख रूप से अधिकतर पालकों ने बताया कि आजकल के बच्चे ज्यादातर समय मोबाइल में बिता रहे हैं। घर आते ही बच्चे होमवर्क करने के बजाय मोबाइल में रील देखने और गेम खेलने की लत के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में पढ़ाई से दूर जा रहे हैं। इस पर शिक्षकों ने भी कहा कि यह अब के दौर के लिए काफी चिंता का विषय है। ऐसे में शिक्षकों सहित पालकों को मिलजुल कर कार्य करना होगा और बच्चों को मोबाइल की लत





से बचना होगा। शिक्षा के कार्य से जितना जरूरी हो उतने समय तक ही बच्चों को अपनी निगरानी में मोबाइल देने के निर्देश प्रधानाचार्य ताराचंद साहू ने दिए। कुछ पालकों ने मोबाइल पर होमवर्क दिए जाने को लेकर भी बात रखी है। उन्होंने कहा कि बालक, पालक और शिक्षक तीनों के समन्वय से सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। इसीलिए समय-समय पर अभिभावक बैठक और प्रतिदिन अवकाश के बाद शिक्षकों द्वारा बच्चों के घर संपर्क किया जाता है ताकि जो भी समस्या आ रही है उनको जल्द से जल्द सुलझाया जा सके। इस बैठक के दौरान अक्षर सुधार, सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु प्रोत्साहन, खेलकूद आदि गतिविधियों को लेकर भी चर्चा हुई।

वही पालकों से यह भी कहा गया कि बच्चों को जो होमवर्क देते हैं उनकी भी निगरानी करें । देखते रहे कि बच्चे होमवर्क करते हैं कि नहीं? कहीं वह गलतियां तो नहीं कर रहे हैं। पालक भी घर पर बच्चों को अपने स्तर पर जितना समय दे सके जरूर पढ़ाए ।

### पालक भी दिला सकेंगे भारतीय संस्कृति ज्ञान की परीक्षा

वही आने वाले दिनों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा भी होनी है। जिसमें पालक भी हिस्सा ले सकते हैं। इसके जरिए पालकों को भी हमारे देश की संस्कृति, सभ्यता और इतिहास को जानने का मौका मिलेगा। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पालकों को पश्चिमी सभ्यता की ओर ना ले जाने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए शुरू किया गया है। सरस्वती शिशु मंदिर संस्थाओं का प्रमुख उद्देश्य संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण है ताकि आने वाली पीढ़ी भी सही दिशा में आगे बढ़ सके।

संपादकः माधुरी दीपक यादव, सलाहकार संपादक-यशवंत पुरी गोस्वामी, उप संपादक- मधू दीपक देवदास,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - मुनेंद्र यादव